Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 03-03-2006
Participants : Mahato Shri Sunil Kumar

>

Title : Reported incident of firing on Adivasis and inhuman treatment meted out to them by police in Jajpur, Orissa.

श्री सुनिल कुमार महतो (जमशेदपुर) : महोदय, नये वा के ठीक दूसरे दिन उड़ीसा के जाजपुर में आदिवासियों पर पुलिस की फायरिंग की घटना वैसी ही है जैसे औद्योगीकरण के लिए पर्यावरण विनाश की कहानी। यह बहुत दुखद विाय है कि जिन आदिवासियों के विकास और संरक्षण की बातें दशकों से की जा रही हैं, उन पर गोलियां केवल इसलिए चलाई जाती हैं, क्योंकि वे अपनी जमीन के बदले पुनर्वास और सुव्यवस्थित मुआवजे की मांग करते हैं। इससे भी दर्दनाक बात यह है कि आदिवासियों पर फायरिंग के बाद उनके हाथ काट दिये गये। इसमें उनकी सब तस्वीरें हैं, जिन्हें मैं आपको दिखाना चाह रहा हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : दिखाने की जरूरत नहीं है।

श्री सुनिल कुमार महतो : महोदय, इससे ज्यादा क्रूरतम व्यवहार तो शायद अमेरिकी सैनिकों ने युद्धबंदियों के साथ भी नहीं किया जैसा व्यवहार उड़ीसा के जाजपुर में आदिवासियों के साथ किया गया है। यह केवल 12 आदि वासियों की हत्या का मामला नहीं है...(व्यवधान)

SHRI BIKRAM KESHARI DEO (KALAHANDI): Sir, I am on a point of order.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Under what rule, you want to raise your point of order?

... (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record except the submission of Mr. Sunil Mahato.

(Interruptions) ...*

श्री सुनिल कुमार महतो : यह 12 आदिवासियों की हत्या का मामला नहीं है, बल्कि भारतवा में आदिवासियों के सिर पर मंडराते हुए खतरे का भी प्रतीक है। आज पूरे देश के सामने...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : श्री हरिभाऊ राठौड़, आप बोलिये।

श्री सुनिल कुमार महतो : सर, मुझे बोलने का मौका दिया जाए। मैं सदन का ध्यान जाजपुर गोलीकांड की ओर दिलाना चाहता हूं। वहां से आदिवासियों का पलायन हो रहा है। ...(व्यवधान) हम चाहते हैं कि इस मामले में संसदीय समिति गठित की जानी चाहिए, ताकि औद्योगिक क्षेत्र में टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो और आदि वासियों को न्याय मिल सके।

---

*Not Recorded.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record except the submission of Mr. Haribhai Rathod.

*(Interruptions)** ...

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Mahato, please take your seat now. It is not going on record. ….(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आपकी कोई बात रिकार्ड पर नहीं जा रही है।